रबी की फसलें

उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में **पश्चिमी विक्षोभ** **की असामान्य कमी के कारण** रबी की फसल खतरे में है।

- इस क्षेत्र में **पर्याप्त वर्षा और नमी की कमी है,** जो सर्दियों के मौसम में गेहूँ उगाने के लिये महत्त्वपूर्ण है।

अन्य कारक:

- कई सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण अक्तूबर, 2022 के पहले दो हफ्तों में इस क्षेत्र में लगातार बारिश ने इस विरोधाभास को जन्म दिया।
- इसमें भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में जारी **ला नीना** **और गरम आर्कटिक क्षेत्र के संभावित प्रभावों** ने भी योगदान दिया है।
    - **अक्तूबर की शुरुआत में पश्चिमी विक्षोभ से अत्यधिक वर्षा होती है** - इसके अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय तूफान जो आर्कटिक, भूमध्यसागरीय और पश्चिम एशियाई क्षेत्रों से नमी लाकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में सर्दियों में वर्षा करवाते हैं।
- नवंबर, 2022 में पश्चिमी विक्षोभ की कमी और दिसंबर, 2022 में उनकी पूर्ण अनुपस्थिति के कारण अक्तूबर, 2022 की शुरुआत में कम वर्षा हुई।

रबी की फसल

- इन फसलों को **लौटते मानसून और पूर्वोत्तर मानसून के मौसम के दौरान(अक्तूबर) बोया जाता है,** जिन्हें रबी या सर्दियों की फसल कहा जाता है।
- इन फसलों की कटाई **सामान्यतः गरमी के मौसम में अप्रैल और मई के दौरान होती है।**
- **इन फसलों पर वर्षा का अधिक प्रभाव नहीं पड़ता है।**
- रबी की प्रमुख फसलें गेहूँ, चना, मटर, जौ आदि हैं।
- बीजों के अंकुरण के लिये **गरम जलवायु और फसलों के विकास हेतु ठंडी जलवायु की आवश्यकता होती है।**

भारत में उगाई जाने वाली फसलों के प्रकार:

- **खरीफ की फसलें :**
    - **दक्षिण-पश्चिम मानसून** के मौसम में बोई जाने वाली **फसलें खरीफ या मानसून की फसलें कहलाती हैं।**
    - ये फसलें मौसम की शुरुआत में **मई के अंत** से लेकर **जून की शुरुआत** तक **बोई** जाती हैं और **अक्तूबर** से शुरू होने वाली **मानसूनी बारिश** के बाद काटी जाती हैं।
    - ये फसलें वर्षा के पैटर्न पर निर्भर करती हैं।
    - **चावल, मक्का, दालें जैसे उड़द, मूंग दाल और बाजरा** प्रमुख खरीफ फसलों में से हैं।
    - इन्हें बढ़ने के लिये अधिक पानी और गरम मौसम की आवश्यकता होती है।
- **जायद फसलें:**
    - **बुवाई और कटाई**: मार्च-जुलाई (रबी और खरीफ के बीच)
    - जायद की महत्त्वपूर्ण फसलों में मौसमी फल, सब्जियाँ, चारा फसलें आदि शामिल हैं।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. भारत में पिछले पाँच वर्षों में खरीफ फसलों की खेती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये (2019)

1. चावल की खेती का क्षेत्रफल सबसे अधिक है।
2. ज्वार की खेती के तहत क्षेत्रफल तिलहन की तुलना में अधिक है।
3. कपास की खेती का क्षेत्रफल गन्ने के क्षेत्रफल से अधिक है।
4. गन्ने की खेती के क्षेत्रफल में लगातार कमी आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (a)

प्रश्न. निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिये: (2013)

1. कपास
2. मूँगफली
3. चावल
4. गेहूँ

उपर्युक्त में से कौन-सी खरीफ फसलें हैं?

(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) केवल 2, 3 और 4

उत्तर: C

[स्रोत: डाउन टू अर्थ]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rabi-crops-2